# अदाणी समेत 5 यूनिटों को भूखंड जल्द

**धुरियापार टाउनशिप**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गीडा की ओर से विकसित की जा रही धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप में बड़ी यूनिटों के लिए भूखंडों का आवंटन की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू हो जाएगी। अदाणी, श्री सीमेंट, केयान समेत जिन पांच यूनिटों की डीपीआर गीडा को मिल गई है, उन्हें आवंटन में प्राथमिकता मिल सकती है।

वहीं, धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भारत सरकार से प्राथमिक एनवायरमेंट क्लीयरेंस मिल गई है। आवंटन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के क्रम में गीडा सीईओ ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

करीब 5500 एकड़ में विकसित हो रही इस टाउनशिप के मास्टर प्लान को शासन की मंजूरी मिल चुकी है। अदाणी समूह ने सीमेंट फैक्ट्री के लिए दो चरणों में कुल 75 एकड़ भूमि की मांग की है। केयान समूह ने 150 एकड़ जमीन मांगी है और 4200 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। श्री सीमेंट की ओर से भी 50 एकड़ भूमि की मांग की गई है। इन कंपनियों द्वारा भूखंड के आवेदन खुलते ही औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। साथ ही, कई अन्य बड़े निवेशकों के आने की भी संभावना है।

## गीडा सीईओ ने धुरियापार प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

गीडा सीईओ ने शुक्रवार को मातहतों के साथ वहां हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। गीडा की तरफ से करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, बिजली, ड्रेनेज आदि के कार्य हो रहे हैं।

"धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप के मास्टर प्लान को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। भारत सरकार से प्राथमिक एनवायरमेंट क्लीयरेंस भी मिल गया है। अगले सप्ताह से भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। फिलहाल यहां 50 से 150 एकड़ के भूखंड के लिए आवेदन निकाले जा रहे हैं।

**-अनुज मलिक,** सीईओ, गीडा